# कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के द्वारा मई २०२3 माह में किये गए महत्वपूर्ण / उल्लेखनीय कार्य

**I. चयन और नियुक्तियों का सारांश**

क) मई, 2023 के महीने के दौरान, पीईएसबी (डीओपीटी) ने 04 (चार) पदों [सीएमडी के लिए 01 और निदेशकों के लिए 03] के लिए विज्ञापन जारी किए और 09 (नौ) चयन बैठकें [सीएमडी के लिए 02 और निदेशकों के लिए 07] आयोजित की गईं।

ख) मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने विभिन्न अनुसूची 'क' और 'ख' सीपीएसई में 58 मामलों (अर्थात् एमडी/सीईओ/कार्यात्मक निदेशक) में नियुक्तियों को मंजूरी दी। वर्तमान में, विभिन्न अनुसूची 'क' और 'ख' सीपीएसई में सीएमडी/एमडी/अध्यक्ष के कुल 65 पद और कार्यात्मक निदेशकों के 122 पद रिक्त हैं। विभिन्न न्यायाधिकरणों/सांविधिक निकायों/प्राधिकरणों/आयोगों में 02 अध्यक्षों/सदस्यों की नियुक्ति और स्वायत्त निकायों/संस्थानों में मुख्य कार्यकारी अधिकारियों/निदेशकों की 10 नियुक्तियों को एसीसी द्वारा अनुमोदित किया गया है। कैबिनेट सचिव/एसीसी ने एक्सटेंशन (06), समयपूर्व प्रत्यावर्तन (04), पुनर्तैनाती (रीडेजिग्नेशन)(02), गैर-सीएसएस पद पर नियुक्ति (01), पीएस/ओएसडी (01) के रूप में नियुक्ति के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा, 01 सीवीओ की नियुक्ति के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

ग) अनुच्छेद 316(1) के तहत डॉ. मनोज सोनी को 16 मई, 2023 के पूर्वाह्न से संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने के संबंध में अधिसूचना दिनांक 23.05.2023 जारी की गई।

घ) सुश्री सुमन शर्मा को 25 मई, 2023 के पूर्वाह्न से सदस्य, संघ लोक सेवा आयोग के रूप में नियुक्त करने के संबंध में अधिसूचना दिनांक 30.05.2023 जारी की गई।

ड.) डीओपीटी की एक स्वायत्त संस्था राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (मुख्यालय), दिल्ली में केंद्रीय स्टाफिंग योजना के तहत सुश्री श्रुति सिंघल, आईआरएएस (2011) की उप सचिव के रूप में नियुक्ति के संबंध में अधिसूचना दिनांक 30.05.2023 को जारी की गई।

च) सदस्य, पीईएसबी के रूप में सुश्री सोमा मंडल की नियुक्ति के संबंध में दिनांक 03.05.2023 की अधिसूचना जारी की गई।

छ) श्री प्रवीण कुमार श्रीवास्तव को केंद्रीय सतर्कता आयोग में केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है।

ज) माननीय राष्ट्रपति ने श्री के.के. वेणुगोपाल भारत के पूर्व अटॉर्नी जनरल को लोकपाल के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति के लिए चयन समिति के प्रतिष्ठित न्यायविद सदस्य के रूप में मनोनीत किया है।

**<u>अन्य</u>**

i. आईएएस सिविल सूची, 2023 को ई-बुक प्रारूप में 30.05.2023 को प्रकाशित किया गया है और यह डीओपीटी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

ii. वर्ष 2022-23 के लिए आईएएस अधिकारियों के लिए पीएआर दर्ज करने की समय-सीमा 30 मई, 2023 के पत्र द्वारा 15 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है।

iii. आईपीएस (परिवीक्षाधीन अंतिम परीक्षा) संशोधन नियम, 2023 को 19.05.2023 को अधिसूचित किया गया है।

iv. सिविल सेवा परीक्षा-2022 में शीर्ष-20 रैंक प्राप्त करने वालों को सम्मानित करने के लिए दिनांक 30.05.2023 को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता माननीय राज्य मंत्री (पीपी) ने की।

v. इस अवधि के दौरान, दो आईएएस अधिकारियों के संबंध में अंतर संवर्ग स्थानांतरण के आदेश जारी किए गए।

vi. संघ लोक सेवा आयोग की सदस्य श्रीमती एम. सत्यवती, द्वारा कार्यालय छोड़ने के संबंध में अधिसूचना दिनांक 16.05.2023 को जारी की गई।

vii वर्तमान में निम्न पद रिक्त हैं -

- सेंट्रल स्टाफिंग स्कीम के तहत अपर सचिव के 16 पद, संयुक्त सचिव के 24 पद और डीएस/निदेशक के स्तर पर 58 पद।

## II प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण

क) सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंध संस्थान (आईएसटीएम) ने मई 2023 के महीने के दौरान 08 कैलेंडर प्रशिक्षण कार्यक्रम, 11 सीएसएस/सीएसएसएस संवर्ग प्रशिक्षण कार्यक्रम और 04 दक्षता कार्यक्रम आयोजित किए।

ख) भारत सरकार में आईएएस अधिकारियों की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से संबंधित सहायक सचिव कार्यक्रम को आईएएस अधिकारियों के जिला प्रशिक्षण के बाद और लबासना में उनके चरण II से पहले प्रवेशन (इंडक्शन) प्रशिक्षण के एक भाग के रूप में शामिल किया गया है। कार्यक्रम की अवधि को 13 सप्ताह से घटाकर 8 सप्ताह कर दिया गया है, इस प्रकार 2 वर्ष की समग्र परिवीक्षा अवधि के अंतर्गत कुल प्रशिक्षण अवधि को 96 सप्ताह से बढ़ाकर 103 सप्ताह कर दिया गया है।

ग) मिशन कर्मयोगी के लिए कैबिनेट सचिवालय समन्वय इकाई (सीएससीयू) के निदेशों के अनुसार, कर्मयोगी भारत को सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए आई-गॉट प्लेटफॉर्म के बारे में कार्यशालाएं और जागरूकता सत्र आयोजित करने का निर्देश दिया गया था। तदनुसार, 2 मई, 2023 को विज्ञान भवन में सभी मंत्रालयों और विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों, आई-गॉट नोडल अधिकारियों, सामग्री भागीदारों और प्रशिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ एक परामर्श कार्यशाला – '**आई-गॉट कर्मशाला**' का आयोजन किया गया। मंत्रालयों और शिक्षार्थियों में गजब का उत्साह देखा गया। कार्यशाला में 450 से अधिक अतिथियों ने भाग लिया और अपने सहकर्मियों के बीच मिशन कर्मयोगी के दृष्टिकोण का प्रसार करने में योगदान देने के बारे में अपने इनपुट और विचार साझा किए।

घ) केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थानों (सीटीआई) में पुरस्कारों/पदकों/स्मारक व्याख्यानों को आरंभ करने में विभिन्न केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थानों (सीटीआई) द्वारा अलग-अलग मानदण्ड अपनाए जा रहे थे। अत: इस संबंध में एकरुपता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इस विभाग ने दिनांक 24 मई 2023 के का.ज्ञा.सं टी-16017/02/2023 के माध्यम से सीटीआई में पुरस्कारों/पदकों/स्मारक व्याख्यानों आदि के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए। दिशा-निर्देशों में किसी भी पुरस्कार/पदक/स्मारक व्याख्यान आदि आरंभ करने के लिए सामान्य मानदण्ड, वित्तीय व्यवस्था, स्क्रीनिंग कमेटी के लिए मानदंड और मौजूदा पुरस्कारों की समीक्षा और युक्तिकरण के तौर-तरीके निर्धारित किए गए हैं।

## III स्थापना/कार्मिक नीति मामले

क) सीजीएलई-2021 के 190 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र जारी किए गए।

ख) सीजीएलई 2014, 2015, 2016 और 2017 के बैचों के संबंध में परस्पर (इंटर से) वरिष्ठता सूची का संशोधित मसौदा जारी किया गया।

ग) सार्वजनिक उद्यम विभाग में सीएसएस/सीएसएसएस/सीएससीएस अधिकारियों/कर्मचारियों के संवर्ग प्रबंधन को उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग से व्यय विभाग को स्थानांतरित किया गया था।

ङ) संयुक्त सचिव/निदेशक/उप सचिव के स्तर पर 12 मंत्रालयों/विभागों में पार्श्विक भर्ती के माध्यम से भरे जाने वाले 20 पद यूपीएससी द्वारा मई, 2023 में विज्ञापित किए गए हैं।

च) दिनांक 18-05-2023 की अधिसूचना द्वारा केन्द्रीय सिविल सेवा अवकाश नियमावली 1972 में संशोधन के संबंध में अधिसूचनाएं जारी की गईं।

छ) कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने माह के दौरान निम्नलिखित परीक्षाओं का आयोजन किया –

- 15743 उम्मीदवारों के लिए दिल्ली पुलिस और सीएपीएफ में सब इंस्पेक्टर का प्रश्न पत्र- ॥
- मल्टी टास्किंग स्टाफ और हवलदार (सीबीआईसी और सीबीएन) परीक्षा, 2022 दिनांक 02.05.2023 से शुरू हुई जो 20.06.2023 तक चलेगी। इस परीक्षा के लिए 54,28,605 उम्मीदवार पंजीकृत हैं।

ज) एसएससी ने संयुक्त उच्चतर माध्यमिक स्तर परीक्षा, 2023 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।

झ) एसएससी ने निम्नलिखित के लिए परिणाम घोषित किया -

- संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2022 के अंतिम परिणाम में 36001 उम्मीदवारों की नियुक्ति के लिए अनुशंसा।
- संयुक्त उच्चतर माध्यमिक स्तरीय परीक्षा 2022 का टियर-।. टियर-॥ परीक्षा में शामिल होने के लिए 40224 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए।
- कनिष्ठ अभियंता परीक्षा, 2022 के अंतिम परिणाम में 2798 उम्मीदवारों की नियुक्ति के लिए अनुशंसा।
- दिल्ली पुलिस और सीएपीएफ परीक्षा, 2022 में सब-इंस्पेक्टर का प्रश्न पत्र- ॥, मेडिकल परीक्षा के लिए 14228 उम्मीदवार उत्तीर्ण हुए।

## IV सतर्कता और अन्य संबंधित मामले

(क) विभिन्न उद्देश्यों अर्थात् अंतर-संवर्ग प्रतिनियुक्ति, स्थानांतरण, परिवीक्षा, एक्स-इंडिया-अध्ययन-अवकाश इत्यादि के लिए 19 आईएएस अधिकारियों की सतर्कता मंजूरी जारी की गई।

(ख) सचिव/अपर सचिव के पैनलीकरण के लिए 04 (चार) आईएएस अधिकारियों के सतर्कता मंजूरी जारी की गई।

(ग) अपर सचिव पैनलीकरण के लिए 05 (पांच) आईएएस अधिकारियों को सतर्कता मंजूरी जारी की गई।

(घ) संयुक्त सचिव पैनलीकरण के लिए 04 (चार) आईएएस अधिकारियों की सतर्कता मंजूरी जारी की गई।

(ङ) लोक सभा सचिवालय से 01 विशेषाधिकार नोटिस प्राप्त हुआ और 01 का निपटान किया गया।

## V मिशन भर्ती के लिए रोजगार मेला - सरकार में 10 लाख भर्तियां

रोजगार मेले से आगे रोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने और युवाओं को सार्थक अवसर प्रदान करने की आशा है। माननीय प्रधान मंत्री ने 22 अक्टूबर 2022 को रोज़गार मेले का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय रोज़गार मेले के पांचवे चरण का आयोजन 16 मई, 2023 को देश भर में 45 स्थानों पर किया गया था। कार्यक्रम का समन्वय डाक विभाग द्वारा किया गया था। नव नियुक्त कर्मियों को उनके संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों के साथ-साथ विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में शामिल किया गया था।

## VI ई-एचआरएमएस 2.0- कर्मचारियों को आरंभ से अंत तक ऑनलाइन एचआर सेवाएं प्रदान करना

पोर्टल में उन अधिकारियों के लिए प्रतिनियुक्ति के लिए आवेदन करने के एक नए प्रावधान को सक्षम बनाया गया है, जो अभी भी ई-एचआरएमएस में ऑन बोर्ड होने हैं।

## VII कर्मचारी कल्याण

विनय मार्ग खेल मैदान में 15 मई से 14 जून 2023 तक 8 से 16 वर्ष के बच्चों के लिए समर कोचिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर क्रिकेट, बास्केटबॉल, फुटबॉल, लॉन टेनिस, आत्मरक्षा और योग सहित 7 विभिन्न खेलों में कोचिंग प्रदान करने के लिए है।